# ऑनलाइन सुरक्षित रहें

amazon future engineer



दो हफ्ते पहले, आदिल को उसके जन्मदिन पर उसका पहला स्मार्टफोन मिला... उसे अपना नया फ़ोन बहुत पसंद है! क्या आप उसके ऑनलाइन सफर में साथ देंगे और उसे ऑनलाइन सुरक्षा और गोपनीयता के बारे में सिखाएंगे?

आदिल रायपुर, छत्तीसगढ़ में रहता है और कक्षा 8 में पढ़ाई करता है। वह 2024 में 12 साल का हुआ! उसका पसंदीदा विषय भौतिकी है - यह तो सब जानते हैं! उसे फुटबॉल खेलना बहुत पसंद है। उसे ऑनलाइन खरीदारी करना भी अच्छा लगता है। अपने फोन के साथ इन सभी रोमांचक चीजों का अनुभव करते हुए, वह यह भी जानता है कि उसे अपने फोन को सुरक्षित रखना चाहिए, इसलिए वह एक पासवर्ड सेट लगाने की कोशिश कर रहा है।

पासवर्ड यह सुनिश्चित करते हैं कि कोई भी आपकी अनुमति के बिना आपका फोन नहीं देख सकता। अगर कोई ऐसा व्यक्ति जो आपके करीब नहीं है, आपके फ़ोटो, मैसेजेस, कॉन्टैक्ट्स और सभी राज देख सकता है, तो यह असहज हो सकता है, है ना?!



## क्या आप आदिल के पासवर्ड का पता लगा सकते हैं?

_ _ _ _

_ _ _ _

_ _ _ _

_ _ _ _ _ _

शायद मैं कुछ ऐसा चुनूं जिसे मैं जरूर याद रख सकूं!

मेरा पसंदीदा खेल काम आ सकता है!

किसी को मेरे जन्म का साल याद नहीं रहेगा!

अपना फोन जल्दी खोल पाना चाहिए!

आपका पासवर्ड इतना आसान नहीं होना चाहिए कि कोई और उसका आसानी से अनुमान लगा सके, लेकिन इतना कठिन भी नहीं होना चाहिए कि आप खुद ही उसे याद न रख सकें! अगर आदिल का पासवर्ड इतना आसान है कि उसके बारे में बुनियादी जानकारी से ही कोई अनुमान लगा सकता है, तो वह मजबूत नहीं है!

# मज़बूत पासवर्ड सेट करें

amazon future engineer




## एक मज़बूत पासवर्ड के लिए दिशा निर्देश

**बड़े (C,H,R) और छोटे (c,h,r) अक्षरों, संख्याओं और विशेष चिन्हों का उपयोग करें।**

- ✗ shirtsatninetyniners — Forgot Password?
- ✓ $hirts@99Rs& — Forgot Password?

**इसे लंबा बनाएं, क़रीब 8-12 अक्षरों के बीच।**


- ✗ foot$ — Forgot Password?
- ✓ footballlover12 — Forgot Password?

**सामान्य और आसानी से अनुमान लगाए जाने वाले शब्दों का इस्तेमाल न करें।**

- ✗ adilraipur — Forgot Password?
- ✓ h0lidaysandch0colat32% — Forgot Password?

**अपनी जन्मतिथि या पालतू जीव के नाम जैसी निजी जानकारी का उपयोग न करें।**

- ✗ bruno2012 — Forgot Password?
- ✓ dRjox76!$kL57 — Forgot Password?



क्या आप इन दिशा-निर्देशों का पालन करके अपने किसी भी अकाउंट के लिए एक मजबूत पासवर्ड बना सकते हैं?

### सुझाव!

कभी भी एक पासवर्ड अलग-अलग खातों या प्लेटफॉर्म्स पर न इस्तेमाल करें। इस तरह, अगर कोई आपके एक खाते तक पहुँच भी जाता है, तो वह आपके बाकी खातों में लॉगिन नहीं कर सकेगा! सुरक्षा के लिए, अपने पासवर्ड को कम से कम हर 3 महीने में एक बार बदलें।

# ऑनलाइन गोपनीयता

अब जब आदिल ने अपने सभी खातों के लिए मजबूत पासवर्ड सेट कर लिए हैं, तो वह सुरक्षित महसूस करता है। लेकिन क्या सिर्फ एक मज़बूत पासवर्ड उसकी ऑनलाइन सुरक्षा और देखभाल के लिए काफी हैं? उसकी ऑनलाइन और ऑफलाइन आदतों पर एक नज़र डालिए: क्या आप कुछ फर्क देख पा रहे हैं? क्या कुछ बातें हैं जिनका उसे इंटरनेट का उपयोग करते समय ध्यान रखना चाहिए?

## आदिल की ऑफलाइन आदतें



आदिल अपने दोस्तों के साथ घर पहुँचने के बाद ही निजी बातें करता है ताकि कोई उसे सुन ना सके!



अगर खेल के मैदान पर कोई आदिल से उसके स्कूल का नाम या पता पूछे, तो वह नम्रता से बताने से मना कर देता है।



अगर स्कूल के फॉर्म्स में माता-पिता के बैंक खातों की जानकारी मांगो जाती है, तो वह हमेशा यह जांचता है कि इसकी क्या ज़रुरत है और कभी भी कोड्स/पासवर्ड्स नहीं देता।




चिट्ठियाँ या पैकेज खोलने से पहले, आदिल यह सुनिश्चित करता है कि भेजने वाला वैध और सुरक्षित है, और वह उसका पता कैसे जानता है ।

## आदिल की ऑनलाइन आदतें



आदिल कमेंट्स में निजी जानकारी शेयर करता है, बिना यह जांचे कि कौन देख सकता है।



आदिल अपनी पोस्ट्स में अपनी लोकेशन टैग करता है, और अक्सर ऑनलाइन बताता है कि वह कहाँ जा रहा है।



जब वह नई और अनजान वेबसाइट्स पर साइन अप करता है, तो वह सारी जानकारी दे देता है जो वे मांगते हैं।




वह बिना सोचे, अनजान लिंक पर क्लिक करता है, यह मान कर कि लिंक हमेशा उसे मज़ेदार चीज़ों की तरफ ले जायेगी।

# ऑनलाइन गोपनीयता

amazon future engineer

गोपनीयता का मतलब है यह कंट्रोल करना कि आपके बारे में कौन सी जानकारी किसे पता हैं। सुरक्षित[1] महसूस करने के लिए, गोपनीयता को लेकर लोगों के अलग-अलग मायने और चाहतें होती हैं - उदाहरण के लिए, कुछ लोग अपनी जन्मतिथि शेयर करना पसंद नहीं करते, जबकि कुछ लोग सबको बताना चाहते हैं! लेकिन जैसे हम ऑफलाइन किसी को अपनी लोकेशन या व्यक्तिगत बातें शेयर करने में सतर्क रहते हैं, वैसे ही ऑनलाइन अपनी गोपनीयता को बनाए रखना और बढ़ाना आपको सुरक्षित रखने में मदद कर सकता है। आदिल को उसकी ऑफलाइन सुरक्षा और गोपनीयता की आदतों को ऑनलाइन जीवन में लागू करने में मदद करें, ताकि वह जानकारी को सुरक्षित रख सके।

## इंटरनेट पर मांगी जाने वाली जानकारी के प्रकार[2, 3]




**व्यक्तिगत जानकारी -** वह जानकारी जो अजनबियों को किसी व्यक्ति की पहचान करने में मदद कर सकती है, जैसे आपका नाम!

ऑनलाइन साझा करने से बचें, खासकर अनजान/अवधारित प्लेटफार्मों पर, क्योंकि इसका गलत इस्तेमाल आपको नुक्सान पहुंचा सकता है।



**संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी** - वह व्यक्तिगत जानकारी जिस का गलत इस्तेमाल होने की संभावना अधिक है, क्योंकि इससे अन्य महत्वपूर्ण चीजें लॉक होती हैं, जैसे आपका सिग्नेचर!

ऑनलाइन दूसरों के साथ शेयर न करें!*



**गैर-व्यक्तिगत जानकारी** - वह जानकारी जो किसी व्यक्ति की विशिष्ट पहचान करने में उपयोगी नहीं होती, जैसे पसंदीदा रंग!

यह व्यक्तिगत जानकारी के बिना शेयर की जा सकती है, आपकी सुविधा के अनुसार।

*अगर आपको ऑनलाइन सेवाओं जैसे नेट बैंकिंग, शॉपिंग या सरकारी पोर्टल्स के लिए संवेदनशील जानकारी सबमिट करनी हो, तो केवल आधिकारिक और प्रमाणित वेबसाइट्स का ही उपयोग करें, और अधिकारियों से बात करें!

नीचे आदिल के बारे में कुछ जानकारी दी गई है। इसे सही श्रेणी में डालें: व्यक्तिगत, गैर-व्यक्तिगत और संवेदनशील व्यक्तिगत!

- नाम
- उँगलियों के निशान
- स्कूल का नाम
- रिव्यु और फीडबैक
- शौक
- उम्र
- पासवर्ड
- घर का पता
- ईमेल ID
- बैंक खाते की जानकारी




1.San José Public Library.Toolkit: What is Online Privacy? www.sjpl.org/toolkit-what-online-privacy/.
2. Security Intelligence (IBM Security) (2023, July). Personal Data vs. Sensitive Data: What's the difference. www.securityintelligence.com/posts/personal-data-vs-sensitive-data-what-is-the-difference/
3. Aashish Aryan (2020, July). Explained: What is non-personal data? Indian Express. https://indianexpress.com/article/explained/non-personal-data-explained-6506613/.

# ऑनलाइन सुरक्षा किट

amazon future engineer



बधाई हो! आपने आदिल को ऑनलाइन सुरक्षा और गोपनीयता के राज़ सिखाए। इनाम के तौर पर, यह लीजिए एक खास बैकपैक... इसमें ढेर सारी शानदार चीज़ें हैं जो आपको और आदिल को ऑनलाइन सुरक्षित रखेंगी! क्या आप देखना चाहेंगे कि वे क्या हैं?



## दोहरी सुरक्षा


अपने अकाउंट्स पर अतिरिक्त सुरक्षा के लिए 2-फैक्टर ऑथेंटिकेशन का इस्तेमाल करें! इसका मतलब है कि अगर कोई आपका पासवर्ड मालूम भी कर ले, तो भी उसे अंदर जाने के लिए दूसरा कोड चाहिए होगा। इसे लागू करने के लिए अपने अकाउंट की सेटिंग्स में जाएं, और "प्राइवेसी और सुरक्षा" के तहत इसे ढूंढें।



## साइट की सुरक्षा जांचें

इन गाइडलाइनों का पालन करके ध्यान से यह सुनिश्चित करें कि आप एक सुरक्षित और भरोसेमंद वेबसाइट पर हैं।

> ब्राउज़र में जहां आप लिंक टाइप करते हैं, उसकी जांच करें, यह सुनिश्चित करें कि वह "https" से शुरू हो।
> लिंक का नाम ".com", ".org", ".gov" या ".edu.in" पर समाप्त होना चाहिए - भरोसेमंद वेबसाइटों के इन्हीं में से नाम होते हैं।
> वेबसाइट को अच्छे से जांचें - खासकर "के बारे में" ("About") सेक्शन को - यह समझने के लिए कि इसे किसने बनाया और यह कैसे डिजाइन किया गया है।



## लिंक से बचाव

यहां कुछ गाइडलाइन्स हैं जो आपको अज्ञात या संदिग्ध लिंक से दूर रहने में मदद करेंगी - बस उन पर क्लिक न करें! अगर आपको किसी अनचाहे स्रोत से लिंक मिलता है, जो गलत लगता है, उसमें स्पेलिंग की गलतियां हैं, या उसमें कोई आकर्षक संदेश है, तो उससे दूर रहें... कभी-कभी, अज्ञात लिंक आपकी जानकारी चुराकर आपके डिवाइस में वायरस डाल सकती हैं।



## गोपनीयता साथी

क्या आप जानते हैं? ज्यादातर मैसेजिंग, गेमिंग और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म आपको अपनी प्रोफ़ाइल को दूसरों से छिपाने की और यह कंट्रोल करने की सुविधा देते हैं कि कौन आपका पोस्ट देख सकता है! आप यह भी कंट्रोल कर सकते हैं कि कौन आपको मैसेज कर सकता है, बस अकाउंट की "गोपनीयता" ("Privacy") सेटिंग्स में जाकर सही विकल्प चुनें, इससे आप और भी सुरक्षित रह सकते हैं!

# उत्तर

## क्या आप के आदिल के पासवर्ड का पता लगा सकते हैं?

पा स व र्ड

फु ट बॉ ल

2 0 1 2

1 2 3 4 5



## ऑनलाइन गोपनीयता

| व्यक्तिगत | गैर व्यक्तिगत | संवेदनशील व्यक्तिगत |
| --- | --- | --- |
| नाम | रिव्यु और फीडबैक | पासवर्ड |
| उम्र | शौक | उँगलियों के निशान |
| ईमेल ID | | बैंक खाते की जानकारी |
| | | घर का पता |
| | | स्कूल का नाम |

